CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 15 रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेलंगाना में बंधक बनाए गए डेढ़ सौ मजदूरों को वापस लाने ओ.पी. चौधरी से गुहार



**रायगढ़,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल)। ढोकरा शिल्प बनाकर पूरे देश में ख्याति अर्जित करने वाले छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के झारा परिवार के करीब 150 सदस्य तेलंगाना के एक ईंट भट्ठे में बंधक हैं। एक मजदूर की मौत के बाद मुश्किल से उसका शव रायगढ़ लाया गया। इसके बाद परिजनों ने रायगढ़ विधायक और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से उन मजदूरों को वापस लाने के लिए ज्ञापन दिया है।

रायगढ़ के एकताल गांव के झारा परिवार के लोग ढोकरा शिल्प बनाते हैं और इसके लिए वे देशभर में ख्याति प्राप्त हैं और कई शिल्पकार तो राष्ट्रपति पुरस्कार से लेकर कई तरह के अन्य राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजे जा चुके हैं लेकिन उसमें कमाई खत्म हो जाने के कारण उन्हें बाहर जाकर मजदूरी करनी पड़ रही है। इसी क्रम में इस गांव के लोग तेलंगाना के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करने लगे। यहां इसी गांव के करीब 150 लोग काम कर रहे हैं। एक दिन उन मजदूरों में से एक 40 वर्षीय नवीन झारा की मौत अज्ञात कारणों से हो गई। उसकी खबर जब यहां पहुंची तो उन्होंने भट्ठा मालिक से शव यहां भेजने की गुजारिश की लेकिन भट्ठा मालिक आना कानी करने लगा और वहीं उसका अंतिम संस्कार की बात करने लगा। उसके पत्नी द्वारा बार-बार आग्रह के बाद अंततः शव को तो यहां

### एक की मौत के बाद जागे लोग

भेज दिया गया लेकिन उसके साथ के अन्य मजदूरों को नहीं छोड़ा गया। इसके बाद यहां के लोगों ने वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। इस गांव को लेकर सरकारी घोषणाएं भी खूब हुई है, कई बार इनके लिए योजनाएं भी बनी लेकिन कोई फलीभूत नहीं हुई। 2012 में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने ग्वालियर के तर्ज पर इनके लिए शिल्प ग्राम बनाने की भी घोषणा की थी लेकिन मामला घोषणा से आगे नहीं बढ़ सकी। इनके लिए वर्कशेड बनाया गया लेकिन बाजार की समस्या बनी रही। पहले सरकारी सरस मेला में उन्हें शामिल किया जाता था। उन्हें देश के अन्य हिस्सों और विदेशों में भी समान लेकर भेजा जाता था लेकिन अब इन कलाकारों के लिए रोजी रोटी के लिए मजदूरी का ही सहारा रह गया है।

## भाजपा के 45 नेताओं को पार्टी से निकाला गया गया



### किरण सिंह देव की कड़ी कार्रवाई

**रायपुर,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सभी प्रत्याशियों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है.

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने मीडिया को बताया कि पार्षद का बागी चुनाव लड़ने वालों में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से 30 लोगों का निष्कासन किया गया है तथा नगर पालिका व नगर पंचायत मिलाकर 11 लोगों का निष्कासन हुआ है. पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय बागी प्रत्याशी होरीलाल देवांगन और उतई से श्रीमती सुनीता रूपनारायण शर्मा और कुसुम देवांगन को निष्कासित किया गया है. दुर्ग जिले से कुल 45 लोगों का भाजपा से निष्कासन हुआ है.

दुर्ग नगर निगम से पार्षद का नामांकन करने वाले निष्कासितों में भारती चंद्राकर, संतोषी बाई पटेल चोखेलाल सोनी, जितेंद्र कुमार ताम्रकार, सतीश कुमार देवांगन, अजीत कुमार वैद्य, खिलावन मटियारा, लता सेन, बबीता यादव, सीमा मिश्रा, विकास कुमार ताम्रकार, जगदीश सोनी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, दिनेश कुमार वर्मा, रामरतन जलतारे, पूजा देवांगन, डोमेश्वर प्रसाद साहू, मोहित कुमार टंडन, दशरथ पंदरिया, नरेंद्र हरपाल, तारिणी चंद्राकर, लता मनोज यादव, रेखा बंदे, अश्वनी साहू, सविता साहू, मोतीलाल साहू, नीलम पवार, पीलिया साहू, भानुमति साहू, कंचन ललित यादव है.

नगर पालिका परिषद कुम्हारी से निष्कासित लोगों में पार्षद प्रत्याशी विनोद कुमार बंजारे कुरमनी लक्ष्मी नारायण साहू सुनीता तिवारी अनुराग गुप्ता ओंकार प्रसाद मारकंडे शामिल हैं. नगर पंचायत पाटन में पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 11 से वागेश वासा शंकर और वार्ड क्रमांक 13 से श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण निर्मलकर को निष्कासित किया गया है. नगर पंचायत उतई से बागी पार्षद प्रत्याशी माया ठाकुर, आशीष साहू, भीषण देवांगन, विजय लक्ष्मी साहू को निष्कासित किया गया है.

## ब्रेकिंग न्यूज


### अपने तीन बच्चों के साथ लापता महिला रायपुर में मिली

**रायपुर,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल)। 29 जनवरी को अपने तीन बच्चों के साथ घर से निकली महिला को आरंग पुलिस ने रायपुर में ढूंढ निकाला. सकुशल मिलने के बाद पुलिस ने महिला और उसके तीनों बच्चों को परिजनों को सौंप दिया है। 6 फरवरी की रात महिला के रायपुर के मेकाहारा के पास होने की जानकारी मिली. आरंग के नया बिजली ऑफिस के पास रहने वाली शकुन लोधी अपने दो बेटे और एक बेटी के साथ बच्चों को स्कूल छोड़ने की बात कहकर घर से निकली थी. काफी देर घर नहीं लौटने पर जब परिजन स्कूल पहुंचे तो बच्चे स्कूल आए ही नहीं थे. किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजनों ने तुरंत आरंग पुलिस को सूचना दी, फिर खोजबीन शुरू हुई.

### 10 यात्रियों से भरा विमान लापता, सर्च ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली,** 7 फरवरी (न्यूज चैनल)। गुरुवार देर शाम अलास्का के नोम शहर के पास एक क्क्ष्ह्लद्बठ्ठद्,द्बह्ल विमान लापता हो गया। यह विमान दोपहर 2.37 बजे अलास्का के उनालकलीट शहर से उड़ान भरने के बाद 3.16 बजे रडार से गायब हो गया।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, लापता विमान केसना-208बी ग्रांड कारावेन था। जिसमें एक पायलट समेत 10 यात्री सवार थे। अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने जानकारी दी कि विमान की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। अमेरिकी समाचार एजेंसी के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों और खोजी दलों को अलास्का के दुर्गम इलाके में तलाशी अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वयंसेवी विभाग ने बताया कि नोम और व्हाइट माउंटेन के स्थानीय लोगों की मदद से जमीन पर सर्च ऑपरेशन जारी है। हालांकि, खराब मौसम के कारण हवाई खोज अभियान फिलहाल निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही मौसम में सुधार होगा, हवाई तलाशी दोबारा शुरू की जाएगी। नोम स्वयंसेवी विभाग ने यह भी बताया कि कोस्ट गार्ड लापता विमान का सुराग तलाशने के लिए क्षेत्र को स्कैन कर रहा है। वहीं, दमकल विभाग के ग्राउंड स्टाफ ने नोम से टॉपकॉक्स तक इलाके की गहन तलाशी ली है।




चूहा- सुनती हो, रिजर्व बैंक ने लोन पर ब्याज दर घटा दिया है।
चुहिया- हां जी, पर बैंक तो लेन बड़े-बड़े उद्योगपतियों को ही देती है न!

## रिजर्व बैंक ने ब्याज दर घटाने किया ऐलान लोन सस्ता होगा, ईएमआई भी घटेगी




नई दिल्ली, 7 फरवरी (न्यूज चैनल)। एक और राहत भरी खबर है जब 12 लाख की इनकम पर टैक्स माफ करने के बाद ब्याज दरों में भी कटौती कर दी गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत करने का एलान किया है। अब लोन सस्ता हो जाएगा। आपकी ईएमआई भी घट जाएगी।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में लिए फैसलों की जानकारी दी है।

इसके कुछ पहलुओं को जाने..जैसे महंगाई बढ़ती है, तो केंद्रीय बैंक पॉलिसी रेट को बढ़ा सकता है। इसका असर यह होता है कि बैंकों को कर्ज लेने की लागत बढ़ जाती है, जिससे बैंकों द्वारा दी जाने वाली कर्ज की दरें भी बढ़ जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि लोग और व्यापार कम कर्ज लेने लगते हैं। खर्च करने में संकोच करते हैं, जिससे कुल मांग कम हो जाती है और महंगाई पर काबू पाया जा सकता है।आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए..महंगाई नियंत्रित होती है और केंद्रीय बैंक चाहता है कि आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, तो वह पॉलिसी रेट को घटा सकता है। इससे कर्ज सस्ता हो जाता है। लोग ज्यादा कर्ज लेने और खर्च करने के लिए प्रेरित होते हैं, जिससे आर्थिक वृद्धि होती है।

## राहुल का आरोप : महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी आखिर ये 39 लाख वोटर कौन हैं?



**नई दिल्ली,** 7 फरवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने दिल्ली में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि हम इस टेबल पर पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ा था। हम चुनाव के बारे में कुछ जानकारी लेकर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमने मतदाताओं और मतदान सूची के विवरण का अध्ययन किया। हमारी टीमें काम कर रही हैं और हमें कई अनियमितताएं मिली हैं।

राहुल ने कहा कि देश के लिए, विशेषकर युवा लोगों के लिए जो लोकतंत्र के पक्षधर हैं और उसमें विश्वास करते हैं, इन निष्कर्षों से अवगत होना और समझना आवश्यक है। राहुल ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच 5 साल में 32 लाख मतदाता जुड़े। हालाँकि, लोकसभा 2024 में इन पार्टियों (कांग्रेस, एनसीपी-एससीपी, शिवसेना (यूबीटी)) की जीत और विधानसभा चुनावों के बीच 5 महीने की अवधि में - 39 लाख मतदाता जुड़े। सवाल ये है कि ये 39 लाख वोटर कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या के बराबर है। दूसरा मुद्दा यह है कि महाराष्ट्र में राज्य की कुल मतदान आबादी से अधिक मतदाता क्यों हैं? कुछ इस तरह से महाराष्ट्र में अचानक से वोटर तैयार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई, कई, कई मतदाता हैं जिन्हें हटा दिया गया है। जो मतदाता एक बूथ पर हैं उन्हें दूसरे बूथ पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इनमें से अधिकतर मतदाता दलित समुदाय, आदिवासी समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। हमने चुनाव आयोग से बार-बार अनुरोध किया है। उन्होंने हमें जवाब नहीं दिया। ये बात विपक्ष के नेता ने संसद भवन में कही है। चुनाव आयोग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब, उनके जवाब न देने का एकमात्र कारण यह है कि उन्होंने जो किया है

## टैंकर में जा घुसी तेज रफ़्तार ट्रैवलर, 4 की मौत, 17 घायल



**नई दिल्ली,** 7 फरवरी (न्यूज चैनल)। इंदौर के समीप मानपुर के भैरव घाट में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा ट्रैवलर और टैंकर के बीच हुआ। ट्रैवलर में सवार यात्री महाकाल दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे थे। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। इसमें दो कर्नाटक के निवासी बताए जा रहे है।

पुलिस के अनुसार यह हादसा शुक्रवार को हुआ। तेज गति से आ रहे ट्रैवलर वाहन ने पहले दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी।इसके बाद वह एक टैंकर में जा घुसा। टक्कर से बाइक सवार युवक उछल कर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गए,जबकि ट्रैवलर वाहन में सवार दो महिला यात्रियों की जान भी चली गई। वाहन में सभी यात्री कर्नाटक के है। वे उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसा मानपुर के भैरव घाट में हुआ।

## छत्तीसगढ़ को मिला एक और आईएएस

**रायपुर,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ को आईएएस पथरे अभिजीत बबन के तौर पर एक और आईएएस मिल गया है. मूलतः मणिपुर कैडर के आईएएस पठारे अभिजीत बबन का गत दिवस केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ कैडर में ट्रांसफर किया है। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 6 फरवरी को जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि आईएएस पठारे अभिजीत बबन की आईपीएस साकोरे मानसी नानाभाऊ से शादी होने की वजह से ट्रांसफर किया गया है. महाराष्ट्र के अहमदनगर के रहने वाले पठारे अभिजीत बबन ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2021 में अखिल भारतीय रैंक 333 हासिल की थी. अभिजीत ने पुणे विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई किया है. स्नातक होने के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए पुणे की फर्म में ऑफिस एग्जीक्यूटिव के रूप में काम किया. फिर उन्होंने आईएएस बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी.

## सरपंच प्रत्याशी जोगा बारसे की नक्सलियों ने की हत्या



**दंतेवाड़ा,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल) नक्सल प्रभावित जिला दंतेवाड़ा के अरनपुर पंचायत से सरपंच प्रत्याशी जोगा बारसे की नक्सलियों ने हत्या कर दी है। गुरुवार की देर रात एक से डेढ़ बजे के बीच सरपंच प्रत्याशी जोगा बारसे के घर में घुसकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने पुष्टि की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने बताया कि देर रात भारी संख्या में नक्सली अरनपुर पंचायत से सरपंच प्रत्याशी जोगा बारसे के घर पहुंच गए। कुल्हाड़ी से वारकर घर का दरवाजा तोड़ा। फिर अंदर घुसकर परिवार वालों के सामने ही उसकी हत्या कर दी। नक्सलियों ने चुनाव का विरोध किया। हत्या के बाद वे जंगल की तरफ चले गए । उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों की बस्तर के अंदरुनी इलाके तक धमक से ग्रामीणों के बीच घटते वर्चस्व को लेकर नक्सली परेशान और हताश हैं। ऐसे में सुरक्षा बलों की छोटी-बड़ी सफलता के लिए ग्रामीण आदिवासियों को जिम्मेदार ठहराते हुए नक्सली उन्हें मौत के घाट उतार रहे हैं।

## लेजेंड 90 क्रिकेट लीग : पहले मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने दिल्ली रॉयल्स को 5 विकेट से हराया




**रायपुर,** 7 फरवरी (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 6 फरवरी से लेजेंड 90 क्रिकेट का आगाज हो चुका है. उ?द्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स टीम ने दिल्ली रॉयल्स टीम को 5 विकेट से हराया. मैच से पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने डांस व म्यूजिकल ग्रुप के साथ रंगारंग प्रस्तुति दी.

गुरुवार की शाम 7 बजे से मैच शुरू हुआ. 15 ओवर के मैच में छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट से जीत हासिल की. इस मैच में पवन नेगी और गुरुकिरत सिंग मान ने अर्द्धशतकीय पारी खेली. शिखर धवन की कप्तानी में दिल्ली रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए. इसमें दनिस्का गुणाथिलिका ने 33 गेंद में सर्वाधिक 73 रन और रोस टेलर ने नाबाद 39 रनों की पारी खेली. छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की ओर से कलीम खान ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट और सिद्धार्थ कौल ने 4 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट हासिल किए. एक विकेट अभिमन्यु मिथुन ने लिया. 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम ने मैच में 2 गेंद शेष रहते 14.4 ओवर में 5 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच जीत लिया.

### आज इन टीमों के बीच होगा मुकाबला

आज 7 फरवरी को शाम 4 बजे से राजस्थान किंग्स और दुबई जायंट्स के बीच मैच खेला जाएगा. वहीं शाम 7 बजे से गुजरात सेम्प आर्मी और बिग ब्यॉज के बीच मुकाबला होगा.

## 445 पेटी अवैध शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 7 फरवरी (न्यूज चैनल)। बेमेतरा. नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रचार जोरों पर है. इस दौरान अवैध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है. बेमेतरा पुलिस ने बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम बासा में अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है.

बेमेतरा के पेशेवर शराब तस्कर अनिल वर्मा उर्फ बन्नू वर्मा समेत दो आरोपी को 445 पेटी शराब के साथ पकड़ा है. बताया जा रहा कि अवैध शराब को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में खपाने के लिए लाया जा रहा था. शराब किसने मंगाया था, इसकी जांच में पुलिस जुटी है.

पुलिस को मध्यप्रदेश से शराब का जखीरा छत्तीसगढ़ लाने की सूचना मिली थी. पुलिस ने बेरला के बासा गांव में घेराबंदी कर शराब से भरा ट्रक सीजी 04 पी यू 9647 जब्त किया. शराब को छुपाने के लिए ऊपर धान का भूसा भरा हुआ था. पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी अनिल वर्मा उर्फ बन्नू वर्मा मूलत बेमेतरा का रहने वाला है और पेशेवर शराब तस्कर है. इसके पूर्व भी वह शराब तस्करी करते पकड़ा गया है. वहीं दूसरा आरोपी ट्रक का ड्राइवर है, जो मध्यप्रदेश का रहने वाला है.

CMYK